# मासिक आख्या माह–नवम्बर, 2019

**दिनांक 10.12.2019 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक आहूत कर शीतकाल में आवश्यक व्यवस्था** सुनिश्चित किये जाने हेतु बैठक आहूत की गयी । जिसके द्वारा सम्बन्धित विभागों को शीतकाल में आपात स्थिति में आवश्यक तैयारी की समीक्षा की गयी तथा इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।



**शीतऋतु में शीतलहरी एवं बर्फवारी से सुरक्षा–**

(i) शीतलहरी एवं बर्फबारी से सुरक्षा हेतु समस्त तहसीलों में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने एवं कम्बल वितरण हेतु समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत एवं तहसीलों को धनराशि आवंटित की गयी ।

(ii) विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की सुरक्षा के उचित उपाय किये जाने के निर्देश दिये गये। जिन बच्चों के पास गर्म कपड़े नहीं है उनको गर्म कपड़े उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया ।

(iii) सड़क सम्बन्धित विभागों को राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य ग्रामीण यातायात मार्गों के बर्फवारी/पाला पड़ने वाले स्थानों आदि क्षेत्रों में आवश्यक मात्रा में चूना आदि की पर्याप्त व्यवस्था एवं भूस्खलन से संवेदनशील स्थानों पर सक्षम अधिकारी एवं आवश्यक मशीनरी (जेसीबी/पोकलैण्ड/डोजर आदि) तथा मजदूरों की तैनाती रखी गयी ।

**विवरण**

| क्रम संख्या | विभाग / खण्ड का नाम | बर्फवारी / पाला पड़ने से प्रभावित क्षेत्र | तैनात मशीनरी |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमा सड़क संगठन | गंगनानी से भैरवघाटी, गंगोत्री तक | 02 जेसीबी, 1 व्हील लोडर0 03 डोजर, 245 मजदूर |
| 2 | राष्ट्रीय राजमार्ग, बडकोट | राडी टॉप, स्यानाचट्टी | 02 जेसीबी, चूना / नमक एवं मजदूर |
| 3 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाडी | धनसाली–टिलवाडा मार्ग सहित कुल 06 मार्ग | 02 जेसीबी, चूना / नमक एवं 40 मजदूर |
| 4 | लो0नि0वि0 बडकोट। | कुवा–कफनोल–राडी, फूलचट्टी–जानकीचट्टी मार्ग व खरसाली हैलीपैड | 03 जेसीबी, चूना / नमक एवं मजदूर |
| 5 | लो0नि0वि0, पुरोला | त्यूनी–पुरोला, मोरी–नेटवाड–सांकरी–जखोली सहित अन्य 07 ग्रामीण मार्ग | 04 जेसीबी, 01 बॉबकट, 01 टिप्पर, 01 ट्रक चूना / नमक एवं मजदूर |

(iv) बर्फवारी से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में मार्च, 2020 तक का खाद्यान्न आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया गया है एवं पर्याप्त मात्र में ईंधन आदि की व्यवस्था सम्बन्धित विभाग द्वारा की गयी है।

(v) **माह दिसम्बर, 2019 से फरवरी 2020 तक बर्फवारी वाले स्थानों में गर्भवती महिलाओं** सम्बन्धित जानकारी सहित कार्ययोजना तैयार कर जनपद आपदा प्रबन्धन में रखा गया । विशेषकर बच्चों को निमोनिया, त्वचा आदि बीमारियों के बचाव / चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, टीकाकरण कराये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गयी।

| क्र.सं. | ब्लाक का नाम | गर्भवती महिलाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | भटवाडी | 22 |
| 2 | डुण्डा | 13 |
| 3 | चिन्यालीसौड | 08 |
| 4 | बडकोट | 30 |
| 5 | पुरोला | 01 |
| 6 | मोरी | 06 |
| **योग** | | **80** |

(vi) बर्फवारी के कारण विघुत एवं पेयजल व्यवस्था बाधित होने की स्थिति हेतु समस्त सम्बन्धितों के दूरभाष नम्बर सांकलित कार विभागीय कार्ययोजना तैयार की गयी है।

**(vii)** उच्च हिमलाय क्षेत्र में यथा गंगोत्री / यमुनोत्री, हर्षिल व जानकी चट्टी में वर्तमान में निवासरत लोगों एवं पुलिस / राहत कार्मिकों का विवरण–

| क्र.सं. | स्थान का नाम | निवासरत लोगों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थानीय / सन्यासी | पर्यटक | पुलिस | एस0डी0 आर0एफ0 | वन कार्मिक | अन्य |
| 1 | श्री गंगोत्री धाम / मुखवा | 25 सन्यासी | – | 04–04 कार्मिक | – | – | – |
| 2 | हर्षिल | – | – | 01–थानाध्यक्ष0 8 क0 | – | 15 | 06 जवान आई0टी0 बी0पी0 / बैंक–05, आई0बी0–02 धराली– 20 परिवार, मुखवा– 20 परिवार , हर्षिल– 15 परिवार |
| 3 | श्री यमुनोत्री धाम | 02 सन्यासी | – | 04 पुलिस क0 | – | – | मन्दिर समिति सदस्य–01 |
| 4 | खरसाली | – | – | 04 पुलिस क0 | – | – | खरसाली / बीफ में 300 परिवार नवासरत |
| 5 | जानकी चट्टी | – | – | 04 पुलिस क0 | – | – | जी0एम0वी0एन0–02 |
| 6 | स्याना चट्टी | – | – | 04 पुलिस क0 | – | 02 | होटल वाले 06 परिवार, |

**दिनांक 12.12.2019 को शीत ऋतु के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की वीडियों कॉन्फेसिंग मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड** शासन की अध्यक्षता में आहूत की गयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त की आवश्यक तैयारियॉ सम्बन्धित विभागों से करवाते हुये सचिव, महोदय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सम्बन्धित विभागों को शीघ्र शीतलहरी के प्रकोप से बचाव हेतु आवश्यक तैयारिया करवायी गयी।

**जनपद में शीतलहरी के प्रकोप से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने तथा निःशुल्क कम्बल वितरण की** व्यवस्था गयी तथा जनपद उत्तरकाशी के लिये 3.00 लाख (तीन लाख)की स्वीकृति धनराशि से सीमा तक शीतलहरी के दौरान निराश्रित एवं असहाय / गृहविहीन व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु निःशुल्क कम्बल वितरण तथा सार्वजनिक स्थानों जैसे धर्मशाला, रैनबसेरा, मुसाफिरखाना, पड़ाव, सराय, चौराह एवं बस स्टेशनों आदि पर अलाव जलाने की व्यवस्था किये जाने हेतु निम्न विवरणानुसार धनराशि / कम्बल वितरित की गयी।

| क्र.सं. | तहसील / नगर पालिका / नगर पंचायत का नाम | अलाव हेतु धनराशि का आवंटन (रू0 में) | आवंटित कम्बल |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भटवाडी | 15,000.00 | 30 |
| 2 | डुण्डा | 15,000.00 | 30 |
| 3 | चिन्यालीसौड | 15,000.00 | 30 |
| 4 | बडकोट | 15,000.00 | 30 |
| 5 | पुरोला | 10,000.00 | 30 |
| 6 | मोरी। | 10,000.00 | 30 |
| 7 | उप तहसील, जोशियाडा | 10,000.00 | 20 |
| 8 | उप तहसील, धौन्तरी | 10,000.00 | 20 |
| 9 | नगर पालिका परिषद, बाडाहाट,उ.का. | 20,000.00 | – |
| 10 | नगर पालिका परिषद, चिन्यालीसौड | 10,000.00 | – |
| 11 | नगर पालिका परिषद, बडकोट | 10,000.00 | – |
| 12 | नगर पंचायत, नौगांव | 10,000.00 | – |
| 13 | नगर पंचायत, पुरोला | 10,000.00 | – |
| 14 | जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी। | मुख्यालय के आस–पास के निराश्रित एवं असहाय लोगो का दिन–रात्रि में विभिन्न स्थानों पर कम्बल वितरित की गयी है। | 20 |
| 15 | रेडक्रास समिति, उत्तरकाशी। | निराश्रित एवं असहाय लोगो को कम्बल आदि वितरित की गयी है। | 20 |
| **योग** | | **1,60,000.00** | **260** |

**शीतलहरी के दौरान निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु रैनबसेरा, उत्तरकाशी,** चिन्यालीसौड, नगर पंचायत पुरोला में उपलब्ध है–

**<u>रैनबसेरों का विवरण</u>–**

| क्रम संख्या | नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | चिन्यालीसौड | 01 निर्माणाधीन |
| 2 | बडकोट | 01 |
| 3 | पुरोला | 01 |
| 4 | उत्तरकाशी | 01 |










**शीतलहरी के दौरान निराश्रित एवं असहाय/गृहविहीन व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु निःशुल्क कम्बल वितरण किया गया।**







**<u>शीतलहरी के दौरान निराश्रित एवं असहाय/गृहविहीन व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु निःशुल्क कम्बल</u>** वितरण तथा सार्वजनिक स्थानों जैसे धर्मशाला, रैनबसेरा, मुसाफिरखाना, पड़ाव, सराय, चौराह एवं बस स्टेशनों आदि पर तहसीलदार/नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के सहायोग से प्रत्येक दिन अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त की प्रतिदिन निगरान की जाती है।

जलाये जा रहें अलाव का विवरण–

| क्र.सं. | तहसील / नंगर पालिका / नंगर पंचायत का नाम | संख्या | अलाव जलाने का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | तहसील भटवाडी | 1 | भटवाडी बाजार |
| 2 | | 2 | चडेथी भटवाडी। |
| 3 | | 3 | मनेरी |
| 4 | डुण्डा तहसील | 1 | बीरपुर बाजार |
| 5 | | 2 | बहम्खाल बाजार |
| 6 | | 3 | धरासू बैण्ड |
| 7 | चिन्यालीसौड तहसील | 1 | बनचौरा बाजार |
| 8 | बडकोट तहसील | 1 | जानकीचट्टी |
| 9 | | 2 | खरसाली |
| 10 | | 3 | हनुमान चट्टी |
| 11 | | 4 | स्यानाचाट्टी खरादी |
| 12 | | 5 | बर्नीगाड |
| 13 | | 6 | डामटा |
| 14 | तहसील पुरोला | 1 | हुडोली |
| 15 | | 2 | गुन्दियाटगांव |
| 16 | तहसील मोरी | 1 | बस स्टेंट मोरी |
| 17 | | 2 | वन विभाग बैरियर चोकी |
| 18 | | 3 | सांकरी बस स्टेट |
| 19 | | 4 | आराकोट बस स्टेंट |
| 20 | | 5 | चिंवा बस स्टेंट |
| 21 | उप तहसील जौशियाडा | 1 | मानपुर |
| 22 | | 2 | नेताला |
| 23 | उप तहसील धोन्तरी | 1 | धौन्तरी बाजार |
| 24 | | 2 | बडेथ मध्ये रातलधार बाजार |
| 25 | नगर पालिका परिषद, बाडाहाट | 1 | हनुमान चौक |
| 26 | | 2 | विश्वनाथ चौक |
| 27 | | 3 | भैरव चौक |
| 28 | | 4 | बस स्टेशन |
| 29 | | 5 | जोशियाडा झूला पुल |
| 30 | | 6 | तिलोथ पुल |
| 31 | | 7 | जिला चिकित्सालय |
| 32 | नगर पालिका परिषद,चिन्यालीसौड | 1 | पीपल मण्डी |
| 33 | | 2 | जोगत रोड |
| 34 | | 3 | नागणी |
| 35 | | 4 | बडेथी |
| 36 | | 5 | देवी सौड़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | नगर पालिका परिषद, बडाकोट | 1 | तहसील कार्यालय के पास |
| 38 | | 2 | लक्ष्मी नारायण मन्दिर |
| 39 | | 3 | पुराना बाजार |
| 40 | | 4 | इण्टर कॉलेज गेट |
| 41 | | 5 | बस स्टेशन |
| 42 | नगर पंचायत, नौगांव | 1 | मुख्य बाजार |
| 43 | | 2 | बस स्टेशन |
| 44 | | 3 | बडकोट रोड एस0बी0आई0के पस |
| 45 | | 4 | देहरादून मार्ग |
| 46 | नगर पंचायत, पुरोला | 1 | वार्ड 05 खबली सैरा बस स्टेशन |
| 47 | | 2 | वार्ड 04 कोट मार्ग–मोरी बैण्ड |
| 48 | | 3 | वार्ड 06 दुर्ग मन्दिर |
| 49 | | 4 | वार्ड 01 पुरोला गावं |
| 50 | | 5 | वार्ड 07 नागराजा मन्दिर |









भारतीय मौसम विभाग, देहरादून द्वारा 12.12.2019 को प्रातः 10:00 बजे जारी पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 13 दिसम्बर, 2019 को जनपद के ऊँचाई वाले स्थानों क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बर्फवारी/शीतलहर की सम्भावना को मध्यनरज रखते हुय ठण्ड का प्रकोप बढ़ने के साथ–साथ ही पैदल रास्तों व सड़क मार्गों के प्रभावित होने की सम्भावना के दृष्टिगत छात्र/छात्राओं की सुरक्षा हेतु जनपद में संचालित सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 तक) एवं आंगनबाडी केन्द्रों में 13 एवं 14 दिसम्बर, 2019 को अवकाश घोषित किया गया तथा सम्बन्धित विभगों को सर्तक करते हुये निम्न कार्यवाही सुनिश्चित की गयी।

1. लोक निमोण खण्ड एवं ठत्व मार्गों के भूस्खलन से सवेदनशील निमोण ख पर पयोप्त संसाधनों को तैयारी की हालत में रखें तथा मार्ग बाधित होने पर तत्काल मार्ग सुचारू करना सुनिश्चित करेंगे। सवेक्रतु परियोजना अंतगत निमोणाधीन स्थानों पर दोनों ओर से वाचर तैनात करते हुए सावधानी बरतें तथा यातायात नियमित रखेंगे। मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में यातायात नियंत्रित करेंगे।

2 सुक्की टॉप, राड़ी टॉप एवं चौरंगी खाल आदि बर्फबारी व पाला गिरने वाले स्थानों पर पयोप्त चूना आदि की व्यवस्था कर विशेष सतर्कता बरतने हेतु सूचित किया गया।

बर्फवारी के दृष्टिगत यातायता को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाया गया तथा जनपद अन्तर्गत समस्त प्रतिवादन दलों एवं आवश्यक सेवाओं सम्बन्धित विभागों को सर्तक किया गया। जनपद में गठित आई0आर0एस0 अधिकारियों को सर्तक रखा गया।

| | | |
|---|---|---|
| 12.12.2019 | • अलर्ट: उत्तराखंड राज्य में उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जनपदों के 2500 मीटर व उससे अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बर्फ़बारी की संभावना \|<br>• वाच: उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल तथा उधमसिंह नगर जनपदों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना \| | • ALERT: Heavy snowfall likely to occur at isolated places with height 2500 m and above in Uttarkashi, Chamoli, Rudraprayag, Bageshwar and Pithoragarh districts of Uttarakhand.<br>• WATCH: Hail likely to occur at isolated places in Dehradun, Haridwar, Pauri, Nainital and Udham Singh Nagar districts of Uttarakhand. |
| 13.12.2019 | • अलर्ट: उत्तराखंड राज्य में उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जनपदों के 2500 मीटर व उससे अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बर्फ़बारी की संभावना \|<br>• वाच: उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल तथा उधमसिंह नगर जनपदों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना \| | • ALERT: Heavy snowfall likely to occur at isolated places with height 2500 m and above in Uttarkashi, Chamoli, Rudraprayag, Bageshwar and Pithoragarh districts of Uttarakhand.<br>• WATCH: Hail likely to occur at isolated places in Dehradun, Haridwar, Pauri, Nainital and Udham Singh Nagar districts of Uttarakhand. |
| 14.12.2019 | कुछ नही | NIL |

(बिक्रम सिंह)
निदेशक/ वैज्ञानिक-'एफ', मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून

**Forecast and Warning for a particular day is valid from 0830 hours IST of day till 0830 hours IST of next day**

| | |
|---|---|
| WARNING (TAKE ACTION) | WATCH(BE UPDATED) |
| ALERT(BE PREPARED) | NO WARNING (NO ACTION) |

| Legends: (As per the new guidelines w.e.f January 1, 2016 ) | | |
|---|---|---|
| Unlikely = probability of occurrence up to 25% | Likely = probability of occurrence between 26 & 50% | |
| Very likely = probability of occurrence between 51 & 75% | Most likely = probability of occurrence above 75% | |
| Very light rain: Trace - 2.4 mm | Light rain: 2.5- 15.5 mm | Moderate rain: 15.6 – 64.4 mm |
| Heavy rain: 64.5- 115.5 mm | Very heavy rain: 115.6- 204.4 mm | Extremely heavy: > 204.4 mm |

- Heavy snow: 64.5 – 115.5 cm (in depth) & Very heavy snow: 115.6 – 204.4 cm (in depth). (As per the new guidelines w.e.f January 1, 2016).
- Daily district level forecast of all 13 districts is being issued separately.
- Isolated places: Less than or equal to 25% area. Few places: 26%- 50% area.
- Many places: 51% - 75% area. Most places: 76% - 100% area.

**दिनांक 13.12.2019 को समय प्रातः—8:38 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राड़ी में बर्फवारी के कारण अवरुद्व हुआ ।** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, बडकोट से समन्वय कर मार्ग सुचारू किये जाने हेतु जे0सी0बी0 मशीन तैनात की गयी था मार्ग प्रातः 10:54 तक सुचारु किया गया। इसके अतिरिक्त उक्त स्थान पर पर्याप्त मशीनरी एवं मजदूरों की तैनाती करते हुये पाले से बचाव हेतु चूना आदि व्यवस्था रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया ।









**दिनांक 13.12.2019 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैण्ड के पास प्रातः 9:13 को मार्ग मलवा आने के कारण मार्ग** अवरुद्व हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 11: 24 बजे सुचारु किया गया ।







**जिलाधिकारी महोदय द्वारा वर्षा/बर्फवारी के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में जनपद** आपातकालीन परिचालन केन्द्र की आपात बैठक आहूत कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।



**दिनांक 13.12.2019 को रानाचट्टी और फूलचट्टी में बर्फवारी के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन** परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करने में जे0सी0बी0 मशीन तैनात करवायी गयी तथा निगरनी की गयी।





**दिनांक 13.12.2019 को प्रातः 10:40 बजे उत्तरकाशी–घनशाली–तिलवाडा मोटर मार्ग बर्फवारी के कारण अवरुद्व** हुआ । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर, सम्बन्धित विभाग द्वारा रोबोट और जे0सी0बी0 मशीन तैनात कर  मार्ग को दोपहर 2:50 बजे सुचारु किया गया।

दिनांक **13.12.2019 को सांय 4:34 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी के पाय मलवा आने के कारण मार्ग** अवरुद्व हुआ । मार्ग को जे0सी0बी.0 मशीन के द्वारा सांय 5:10 बजे सुचारु किया गया।







<u>दिनांक 13.12.2019 को रात्री 11:09 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू नालूपानी के पास मलवा आनें के कारण</u> मार्ग अवरुद्व हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 12:39 बजे सुचारु किया गया।





**दिनांक 14.12.2019 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राड़ी टॉप तथा हनुमानचट्टी से आगे जानकीचट्टी में बर्फवारी के** कारण मार्ग यातायात हेतु बाधित हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारू करने हेतु 01 जे0सी0बी0 मशीन और मजदूर की तैनात करते हुये मार्ग देपहर 1:09 बजे सुचारु किया गया।





**दिनांक 14.12.2019 फूलचट्टी से जानकीचट्टी तक बर्फवारी के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ।** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुवारु करने हेतु 01 जे0सी0बी0 और 04 मजदूर द्वारा कार्य किया गया और मार्ग को यातायात हेतु सुचारु किया गया।





**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा बर्फवारी से बाधित विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था को सुचारू करवाये जाने** हेतु समन्वय कर सभी क्षेत्रों की विद्युत/पेयजल आपूर्ति सुचारू करवायी गयी।










**<u>दिनांक 14.12.2019 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्खी टॉप से आग गंगोत्री तक बर्फवारी के कारण मार्ग अवरुद्ध</u>** हुआ मार्ग को सांय तक सुचारु किया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर भैरवघाटी से गंगोत्री तक मार्ग बर्फवारी के कारण अवरुद्ध हुआ था जिसे 01 जे0सी0बी0, 01 व्हील लोडर व 01 डोजर मशीनरी तथा 40 मजदूर कार्य कर सुचारू किया गया।










<u>नैटवाड में दिनांक 15.12.2019 को अग्निकांड की घटना घटित हुयी। घटना में व्यवसायिक ढाबों/होटल की क्षति</u> हुयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत हेतु निम्नप्रकार राहत सामग्री, त्वारित कार्यवाही दल के वाहन से प्रेषित कर तहसीलदार के माध्यम से वितरित करवायी गयी।

| क0स0 | सामग्री | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कम्बल | 25 |
| 2 | ट्रैक शूट | 10 जोडी |
| 3 | रेडक्रास कोकरी सेट | 4 |
| 4 | प्लास्टिक त्रिपाल | 10 |
| 5 | सोलर लालटेन | 25 |
| 6 | पुराने बर्तन | 01 नग (एक प्लास्टिक के कट्टे में) |



**दिनांक 26.12.2019 को समय लगभग प्रातः 9:30 तहसील बडकोट के अन्तर्गत राजगढ़ी मोटर मार्ग पर केन्द्रीय** विद्यालय राजगढी के समीप ऑल्टो दुर्घटपाग्रास्त हुयी उक्त वाहन में चालक सहित कुल 04 लोग सवार थे जिसमें 03 गम्भीर घायल तथा 01 व्यक्ति की घटनास्थल पर मृत्यु हो गयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर घायलों को 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडकोट उपचार हेतु लाया गया उपचार के उपरान्त घायलों को 02 एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर देहरादून रवाना किया गया।





दिनांक 31.12.2019 को सांय लगभग 9:55 बजे तहसील चिन्यालीसौड अन्तर्गत धरासू शक्ति पुरम कॉलोनी के पास दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें एक व्यक्ति सवार था जिसे 108 के माध्यम से सी0एच0सी0 चिन्यालीसौड में उपचार हेतु भर्ती किया गया।

<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा विधायक निधि अन्तर्गत जनपद शहर की निगरानी हेतु सी0सी0टी0वी0</u> कैमरा लगाये जाने के लिये शहर अन्तर्गत ताम्बाखानी टनल, नदी के प्रमुख घाटों, प्रमुख चौराहों सहित संवेदनशील 30 स्थानों निम्न विवरणानुसार कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग के द्वारा लगाये जा रहे है।

| क्र.सं. | सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने हेतु चयनित स्थल का नाम | सी0सी0टी0वी0 कैमरा की संख्या– |
|---|---|---|
| 1 | ताम्बाखानी टनल | 06 नग |
| 2 | ज्ञानसू टैक्सि स्टेशन के पास | 01 नग |
| 3 | मुख्य बाजार पेट्रोल पम्प के पास | 01 नग |
| 4 | बस स्टेशन के पास | 01 नग |
| 5 | वन विभाग टाल के पास (तिराहे पर) | 01 नग |
| 6 | भटवाडी टेक्सी स्टेशन के पास | 01 नग |
| 7 | तिलोथ पुल (जी0एम0वी0एन0) के पास | 01 नग |
| 8 | कैलास आश्रम के पास | 01 नग |
| 9 | लो0नि0वि0विश्राम गृह के पास (एस0पी0 ऑफिस की ओर) | 01 नग |
| 10 | भैरव चैक के पास | 01 नग |
| 11 | हनुमान चौक के पास | 02 नग |
| 12 | विश्वनाथ चौक के पास | 01 नग |
| 13 | केदार घाट (आरती स्थल) के पास | 01 नग |
| 14 | मनकर्णिका घाट के पास | 01 नग |
| 15 | जडभारत घाट के पास | 01 नग |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | सांई मन्दिर के पास | 01 नग |
| 17 | जिला चिकित्सालय के पास | 01 नग |
| 18 | केदार घाट झूला पुल के पाास | 01 नग |
| 19 | मुख्य बाजार पानी की टंकी के पास | 01 नग |
| 20 | ज्ञानसू चिल्डरन / बाल–गोपाल पार्क के पास | 02 नग |
| 21 | कोतवाली के पास (कॉलेज गेट की ओर) | 01 नग |
| 22 | अंग्रेजी शराब की दुकान (तिराहे के पास) | 01 नग |
| 23 | गोस्वामी गणेश दत्त, विद्यालय के पास | 01 नग |

<u>**विजन–2020 के अन्तर्गत जनपद के विकास भटवाडी एवं नौगांव में पंजीकृत महिला मंगल दल एवं युवक मंगल**</u> दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एस0डी0आर0एफ0 से करवाया जाने हेतु कम्पनी, टू0आई0सी0 डी दल, एस0डी0आर0एफ0, जौलीग्राण्ट देहरादून के द्वारा विकास खण्ड भटवाडी एवं नौगांव हेतु 10–10 कुल 20 प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेण्डर के अनुसार सेनानायक, राज्य आपदा प्रतिवादन बल को प्रति प्रशिक्षण रू0 15,000.00 की दर से कुल रू0 3,00,000.00 का भुगतान वर्ष 2019–20 किया गया है। दिनांक 01.01.2020 से प्रशिक्षण संचालित किया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार जनपद के विकास खण्डवार युवक एवं महिला मंगल दल प्रशिक्षण कार्य संचालित किये जाने हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं के चयन हेतु दिनांक 10 दिसम्बर, 2019 से दिनांक 23 दिसम्बर, 2019 को 12:00 बजे अभिरूचि आमंत्रित की गयी है। शीघ्र स्वयंसेवी संस्थाओं का चयन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे।

इसके अतिरिक्त जनपद में स्वच्छता कार्यों सम्बन्धी बैठक के साथ समय–समय पर अन्य बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः–</u> निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।